दिनांकः 10.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली सरकार का पहला पूर्ण बजट आज–जनता को विभिन्न सौगातों की उम्मीद।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान प्रदान किया गया।
- प्रदेश में अवैध खनन की रोकथाम के लिए ई–ऑक्शन पर विशेष ध्यान–पिछली तिमाही में 218 माइनर मिनरल ब्लॉक की नीलामी।
- राज्य में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा जनजागरुकता अभियान।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई वाली सरकार का पहला पूर्ण बजट आज पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दिया कुमारी सुबह 11 बजे विधानसभा में बजट प्रस्तुत करेंगी। वित्त मंत्री ने राज्य के वर्ष 2024–25 के परिवर्तित बजट को कल बजट टीम के साथ अंतिम रूप दिया। वित्तमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार अपने हर वादे को पूरा करने और समाज के समावेशी विकास के लिए संकल्पित है। वहीं वित्तमंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये बजट 'समृद्ध राजस्थान – विकसित राजस्थान' की आधारशिला साबित होगा। गौरतलब है कि इसी साल फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया था, जिसके जरिए 31 जुलाई तक के खर्चों के लिए वित्तीय व्यवस्था की गई थी। 16वीं विधानसभा का तीन जुलाई से शुरू हुए दूसरे सत्र की कार्यवाही दो दिन चली। इसके बाद आज बजट पेश होगा। विधानसभा में करीब 13 दिन तक विभागवार अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। इसके बाद वित्त और विनियोग विधेयक पारित होगा और मुख्यमंत्री बजट भाषण पर चर्चा का जवाब देंगे। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार, पेट्रोल–डीजल पर वेट कम करने और जयपुर मेट्रो विस्तार सहित कई घोषणाएं हो सकती हैं। मुख्यमंत्री ने विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर सुझाव लिये।

....................

हमारे बीकानेर संवाददाता ने बताया कि बजट को लेकर लोगों में उत्सुकता का माहौल है। साथ ही विभिन्न वर्गों को कई तरह की सौगातों और राहत की उम्मीद है।

....................

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने उम्मीद जताई है कि ये बजट हर वर्ग के कल्याण वाला होगा और प्रदेश के चहुंमुखी विकास में मील का पत्थर साबित होगा। वहीं बजट को लेकर कल नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की अध्यक्षता में कांग्रेस विधायक दल की बैठक हुई। इसमें पार्टी की रणनीति और विधानसभा में उठाए जाने वाले जनता के मुद्दों पर चर्चा की गयी।

....................

वित्तमंत्री के बजट भाषण का आज आकाशवाणी जयपुर से सीधा प्रसारण किया जाएगा। ये प्रसारण सुबह 10 बजकर 57 मिनट से शुरू होगा। आकाशवाणी जयपुर से हिंदी और राजस्थानी में दस–दस मिनट के विशेष बजट बुलेटिन प्रसारित किये जाएंगे। हिन्दी में दोपहर 1 बजे का नियमित बुलेटिन विशेष बजट बुलेटिन के रूप में प्रसारित होगा। इसके तुरन्त बाद राजस्थानी में विशेष बजट बुलेटिन सुना जा सकेगा। बजट भाषण के दोपहर 1 बजे के बाद भी जारी रहने की स्थिति में विशेष बजट बुलेटिनों का प्रसारण बजट भाषण की समाप्ति के तुरंत बाद किया जाएगा।

....................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो देशों की यात्रा के दूसरे चरण में रूस के बाद ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना पहुंच गए हैं। 41 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह पहली यात्रा है। श्री मोदी के

आगमन पर भारतीय समुदाय के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। श्री मोदी का ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वान डेर बेलेन से मुलाकात करने और ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के साथ बातचीत का कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री और चांसलर नेहमर भारत और ऑस्ट्रिया के कारोबारियों को भी संबोधित करेंगे।

श्री मोदी विएना में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ भी बातचीत करेंगे। इससे पहले श्री मोदी ने मॉस्को में राष्ट्रपति पुतिन के साथ **22वें भारत–रूस वार्षिक सम्मेलन** में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री को कल रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान, **द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपॉस्ल** प्रदान किया गया। रूस के राष्ट्रपति ने श्री मोदी को यह सम्मान प्रदान किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये सम्मान मेरा व्यक्तिगत सम्मान नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों का सम्मान है। प्रधानमंत्री को रूस का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें बधाई दी है। अपने संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि यह सम्मान विश्व में नए भारत की बढ़ती हुई धाक का प्रतीक है।

....................

राज्य में अवैध खनन की रोकथाम के लिए विशेष प्रयास किये जाएंगे। खनिज विभाग इसके लिए मेजर और माइनर मिनरल के अधिक से अधिक प्लॉट तैयार कर ई–ऑक्शन पर फोकस कर रहा है। विभाग के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि वैध खनन को बढ़ावा देकर ही अवैध खनन पर अंकुश लगाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि पिछली तिमाही में 218 माइनर मिनरल ब्लॉक की नीलामी की जा चुकी है। मेजर और माइनर मिनरल ब्लॉकों की निलामी का रोड़मैप तैयार करते हुए नई सरकार खनिज ब्लॉक की चरणबद्ध तरीके से नीलामी कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे वैध खनन को बढ़ावा मिलेगा और राजस्व तथा रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोतरी होगी।

....................

राज्य में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरुकता अभियान चलाया जायेगा। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कल जयपुर में प्लास्टिक निर्माता और व्यापारियों की एक बैठक में इसे लेकर रणनीति बनाने पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य में पड़ोसी राज्यों से चोरी छुपे पॉलीथीन लाकर बेची जा रही है, इसे रोकना जरूरी है। श्री दिलावर ने कहा कि प्रदेशवासियों को स्वयं आगे बढ़कर पॉलीथीन के बहिष्कार का प्रण लेना चाहिए।

....................

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र करेंगे। इस अवसर पर वर्ष 2021 की जून और दिसम्बर के परीक्षार्थियों की 39 हजार से ज्यादा उपाधियां प्रदान की जाएंगी। विभिन्न विषयों में 73 टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। दो विद्यार्थियों को कुलाधिपति स्वर्ण पदक दिये जाएंगे।

....................

प्रदेश में आज सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार बीते 24 घंटों में हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर सहित अनेक स्थानों पर बारिश हुई। बरसात से हनुमानगढ जिले से गुजरने वाली घग्घर नदी में पानी की आवक शुरू हो गयी है। सवाईमाधोपुर में कल हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। आज भी कई स्थानों पर हल्की बारिश का दौर जारी है। उधर, टोंक जिले में भारी बारिश के कारण सवाईमाधोपुर के शिवाड़ से चौथ का बरवाड़ा के बीच बनास नदी के पानी में उफान से मार्ग अवरुद्ध हो गया है।

....................

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–**बीसीसीआई** ने पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी घोषणा की। श्री गंभीर ने हैड कोच के रूप में राहुल द्रविड़ की जगह ली है।

....................